APEX HOSPITALS
*"हम रिश्तों की उम्र बढ़ाते हैं"*

30 YEARS of Excellence in Services

# APEX SAMWAD


Rajasthan's Most Trusted and Largest Super Specialty Hospital Network

Jaipur - Malviya Nagar & Mansarovar | Bikaner | Sawai Madhopur | Jhunjhunu | Sri Ganganagar | Udaipur | Lucknow

वॉल्यूम 21, फ़रवरी 2026





## एपेक्स परिवार के लिए संदेश

***प्रिय डॉक्टर्स, स्टाफ सदस्यों और समर्पित सहयोगियों,***

मुझे गर्व है कि एपेक्स हॉस्पिटल्स निरंतर स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊँचाइयों तक ले जा रहा है। ब्लड ट्रांसफ्यूजन सेवाओं की शुरुआत, एडल्ट इम्यूनाइजेशन सेंटर का शुभारंभ और हमारी टीम द्वारा की गई कई दुर्लभ व सफल सर्जरी इस प्रगति का प्रमाण हैं।

साथ ही, हमारे एपेक्स परिवार में नए सदस्यों का स्वागत करते हुए मुझे विश्वास है कि उनके अनुभव और समर्पण से मरीजों को और बेहतर उपचार एवं देखभाल मिलेगी।

आप सभी के निरंतर सहयोग, मेहनत और मानवीय दृष्टिकोण के लिए धन्यवाद। मिलकर हम भरोसे और बेहतर स्वास्थ्य की इस यात्रा को आगे बढ़ाते रहेंगे।



धन्यवाद
**डॉ. एस.बी.झंवर**
चेयरमैन, एपेक्स हॉस्पिटल्स

8 हॉस्पिटल्स | 30+ वर्षों का विश्वास | 250+ अनुभवी डॉक्टर्स | 1 करोड़+जीवन स्पर्श किए

New Joining's

## एपेक्स परिवार में नए सदस्यों का स्वागत



एपेक्स हॉस्पिटलस, मालवीय नगर में डॉ. अशोक कुमार दुधवाल का स्वागत है। एक अनुभवी गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट हैं, जिन्होंने AIIMS नई दिल्ली से उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त किया है।




एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में डॉ. प्रणीत मानेकर, एसोसिएट कंसल्टेंट – कार्डियोलॉजी का स्वागत किया गया।



एपेक्स हॉस्पिटलस, उदयपुर में श्री सुभाष जॉर्ज का स्वागत है। उन्होंने यूनिट सेल्स हेड (सेल्स एवं मार्केटिंग) के रूप में कार्यभार संभाला है।




एपेक्स हॉस्पिटल्स, बीकानेर में डॉ. विनीत जोशी, कंसल्टेंट – जनरल मेडिसिन का स्वागत किया गया।

World Cancer Day

## सर्वाइकल कैंसर पर जागरूकता: डॉ. अदिति मित्तल के साथ





हम मानते हैं कि स्वास्थ्य सेवा केवल उपचार तक सीमित नहीं है, इसकी शुरुआत जागरूकता से होती है। इसी दिशा में IIS यूनिवर्सिटी में सर्वाइकल कैंसर पर एक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व डॉ. अदिति मित्तल, कंसल्टेंट – मेडिकल ऑन्कोलॉजी ने किया। सत्र में समय पर जांच, रोकथाम और सही उपचार के महत्व पर सार्थक चर्चा हुई। भारत में हर 8 मिनट में एक महिला सर्वाइकल कैंसर से जान गंवाती है, जिससे जागरूकता और समय पर कदम उठाना और भी जरूरी हो जाता है। यह सत्र कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में चलने वाली हमारी जागरूकता पहल की पहली कड़ी है।

Clinical Training

## एपेक्स हॉस्पिटल्स द्वारा संचालित गोयल हॉस्पिटल, लखनऊ में डॉ. प्रशांत द्वारा BLS प्रशिक्षण

एपेक्स गोयल सुपर स्पेशलिटी, लखनऊ की ओर से डॉ. प्रशांत द्वारा निशात कॉलेज के 176 पैरा मेडिकल छात्रों को बेसिक लाइफ सपोर्ट (BLS) का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में आपात स्थिति में जीवन रक्षक तकनीकों, सीपीआर और प्रारंभिक उपचार की व्यावहारिक जानकारी दी गई, जिससे छात्र वास्तविक परिस्थितियों में बेहतर और त्वरित सहायता देने में सक्षम हो सकें।





Breakthrough

## एपेक्स स्काईलाइन, झुंझुनू में पहली बार बिना चीर-फाड़ पिट्यूटरी ट्यूमर की सफल सर्जरी




एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल, झुंझुनू ने चिकित्सा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। अस्पताल में पहली बार बिना किसी बाहरी चीरे के नाक के रास्ते एंडोनासल एंडोस्कोपिक ट्रांसस्फेनोइडल सर्जरी कर पिट्यूटरी ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाला गया, जिससे मरीज की घटती दृष्टि को राहत मिली। यह जटिल सर्जरी डॉ. जोगिंदर सिंह के नेतृत्व में, डॉ. ललित भारद्वाज के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। ENT, न्यूरोसर्जरी और एनेस्थीसिया टीम के समन्वय से अब झुंझुनू में ही उन्नत न्यूरोसर्जिकल सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

Community Outreach

## पेंशनर समाज, मानसरोवर में स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता सत्र

पेंशनर समाज, मानसरोवर में स्वास्थ्य जांच शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। डॉ. शिव कुमार सेनी ने उपस्थित सदस्यों को स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी जानकारी दी और परामर्श प्रदान किया।



Voluntary Blood Donation

# एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं उन्नत ब्लड ट्रांसफ्यूजन सेवाओं का शुभारंभ

एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में ब्लड बैंक विभाग द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, साथ ही उन्नत ब्लड ट्रांसफ्यूजन सेवाओं का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री ज्योति कुमार सतीजा, आईजी एवं प्रिंसिपल चीफ सिक्योरिटी कमिश्नर (PCSC) उपस्थित रहे। शिविर में 100+ लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर डॉ. एस.बी. झंवर, चेयरमैन, एपेक्स हॉस्पिटल्स का मार्गदर्शन रहा। शिविर के सफल आयोजन में डॉ. ओ.पी. गुप्ता और डॉ. अनिल (MO I/C – ब्लड बैंक) की अहम भूमिका रही। एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर जीवनरक्षक सेवाओं को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयासरत है।






Life-Saving Surgery

## डॉ. राहुल कुमार भुकर द्वारा 3 वर्षीय बच्ची की जटिल हार्ट सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न



एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर में तीन साल की बच्ची की जटिल हृदय सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। यह सर्जरी मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के अंतर्गत पूरी तरह निःशुल्क की गई। सर्जरी वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल कुमार भुकर के नेतृत्व में की गई। बच्ची जन्म से हृदय रोग से पीड़ित थी और इसी कारण सांस लेने व भोजन करने में गंभीर कठिनाई हो रही थी। सफल सर्जरी के बाद बच्ची को स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

Consultation

## एपेक्स स्काईलाइन झुंझुनू में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत निःशुल्क परामर्श शिविर



एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल, झुंझुनू में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत निःशुल्क इलाज एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने स्वास्थ्य जांच और विशेषज्ञ परामर्श का लाभ उठाया। इस अवसर पर कंसल्टेंट यूरोलॉजी- डॉ. सुरेश रुलानियां ने मरीजों को किडनी और मूत्र संबंधी रोगों के बारे में परामर्श दिया तथा उनके लक्षण, बचाव और उपचार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। शिविर का उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा।

In-House Surgical Camp

## एपेक्स पीएमजी हॉस्पिटल्स, श्रीगंगानगर में निःशुल्क इन-हाउस सर्जिकल कैंप



सुश्रुत चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित निःशुल्क इन-हाउस सर्जिकल कैंप में 30 से अधिक मरीजों की लेजर पाइल्स, फिस्टुला, फिशर, हर्निया, लैप्रो कोलेसिस्टेक्टॉमी एवं हिस्टरेक्टॉमी सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। यह शिविर जरूरतमंद मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित हुआ।

Success

## एपेक्स हॉस्पिटल, उदयपुर में प्रोग्रामेबल वीपी शंट की पहली सफल सर्जरी

एपेक्स हॉस्पिटल, उदयपुर में न्यूरोसर्जरी विभाग द्वारा प्रोग्रामेबल वीपी शंट की पहली सफल सर्जरी की गई। 55 वर्षीय मरीज को सीएसएफ लीक (CSF Leakage) और हाइड्रोसेफेलस की समस्या के कारण गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने आधुनिक तकनीक की मदद से प्रोग्रामेबल वीपी शंट सर्जरी सफलतापूर्वक की, जिससे मरीज की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ। इस सर्जरी के माध्यम से मस्तिष्क में जमा अतिरिक्त द्रव को नियंत्रित करने में सहायता मिली, जिससे मरीज को राहत मिली और स्वास्थ्य में सुधार देखने को मिला। यह उपलब्धि एपेक्स हॉस्पिटल, उदयपुर में उन्नत न्यूरोसर्जिकल सेवाओं और विशेषज्ञता का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।





8 हॉस्पिटल्स | 30+ वर्षों का विश्वास | 250+ अनुभवी डॉक्टर्स | 1 करोड़+ जीवन स्पर्श किए

Vaccination Center Launch


## मालवीय नगर, जयपुर में एडल्ट इम्यूनाइज़ेशन सेंटर की शुरुआत




निवारक स्वास्थ्य सेवा को सशक्त करते हुए एपेक्स हॉस्पिटल्स, मालवीय नगर, जयपुर में एडल्ट इम्यूनाइज़ेशन सेंटर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर डॉ. विपुल खंडेलवाल ने वयस्कों में शिंगल्स से बचाव पर उपयोगी जानकारी साझा की। कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई मुख्य अतिथि एर. एस. आर. बंसल, राजस्थान राज्य समन्वयक, टाइम बैंक ऑफ इंडिया ने। यह पहल वयस्क टीकाकरण को नियमित स्वास्थ्य देखभाल का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है।

Milestone

## एपेक्स हॉस्पिटल्स, बीकानेर में पहली बार EVAR प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न



एपेक्स हॉस्पिटल्स, बीकानेर में डॉ. बलवीर सिंह, कंसल्टेंट – इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी ने शहर में पहली बार EVAR (एंडोवैस्कुलर एओर्टिक एन्यूरिज्म रिपेयर) प्रक्रिया सफलतापूर्वक की। मरीज को लंबे समय से तेज पेट दर्द की शिकायत थी। जांच के दौरान पाया गया कि मरीज की एब्डॉमिनल एओर्टा में 3 सेमी से अधिक का एन्यूरिज्म था, जिसके फटने का खतरा था और यह स्थिति जानलेवा हो सकती थी। मिनिमली इनवेसिव EVAR तकनीक के माध्यम से बिना ओपन सर्जरी के इस एन्यूरिज्म का सफल उपचार किया गया, जिससे मरीज को कम दर्द, कम जटिलताओं और तेजी से रिकवरी का लाभ मिला।यह उपलब्धि एपेक्स हॉस्पिटल्स, बीकानेर में इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी और उन्नत वैस्कुलर उपचार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे अब मरीजों को शहर में ही अत्याधुनिक और जीवनरक्षक उपचार की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

Health Checkup Camp

## एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल, झुंझुनूं में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर




एपेक्स स्काईलाइन हॉस्पिटल, झुंझुनूं में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिकों की आवश्यक जांचें की गईं और डॉक्टरों द्वारा परामर्श दिया गया। इस पहल का उद्देश्य समय पर जांच और बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

Cardiac Screening Camp

## एपेक्स गोयल सुपर स्पेशिलिटी, लखनऊ द्वारा फ़ैज़ाबाद बार एसोसिएशन में कार्डियक स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन



एपेक्स गोयल सुपर स्पेशियलिटी, लखनऊ द्वारा फ़ैज़ाबाद बार एसोसिएशन में सफल हृदय जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 100 से अधिक लोगों की जाँच की गई, जिसमें वाइटल्स, ईसीजी एवं आरबीएस शामिल रहे। साथ ही हृदय स्वास्थ्य और रोकथाम को लेकर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया तथा भविष्य में क्लिनिकल सहयोग हेतु विशेषज्ञों के बीच सार्थक संवाद भी स्थापित हुआ।

Life-Saving Procedure

## डॉ. सौरभ जैन ने खून की बड़ी नली तक फैले ट्यूमर को हटाकर मरीज को दिया नया जीवन



मालवीय नगर में डॉक्टरों की टीम ने एक जटिल सर्जरी के जरिए 50 वर्षीय मरीज की जान बचाई। किडनी में कैंसर की गांठ रक्त की बड़ी नली तक फैल चुकी थी। डॉ. सौरभ जैन के नेतृत्व में सफल सर्जरी के बाद मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ है।

## Employee Corner

मैं मनोहर लाल शर्मा, एपेक्स हॉस्पिटल, मालवीय नगर में 1989 से ओटी मैनेजर के रूप में कार्य कर रहा हूँ। पिछले कई दशकों में मैंने इस संस्थान को निरंतर विकसित होते और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छूते हुए देखा है। यहाँ काम करते हुए मुझे हमेशा एक परिवार जैसा वातावरण मिला, जहाँ टीमवर्क, अनुशासन और मरीजों की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। ऑपरेशन थियेटर जैसे महत्वपूर्ण विभाग में काम करते हुए हमारा प्रयास रहता है कि हर मरीज को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधा मिले। प्रबंधन का सहयोग, डॉक्टर्स और स्टाफ के बीच बेहतर समन्वय और मरीजों के प्रति संवेदनशीलता ही एपेक्स की असली पहचान है। इतने वर्षों से इस संस्थान का हिस्सा होना मेरे लिए गर्व और संतोष की बात है। यहाँ काम करते हुए मुझे हमेशा यह महसूस हुआ कि हम सिर्फ नौकरी नहीं कर रहे, बल्कि लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं।



Manohar Lal Sharma
OT Manager
Apex Hospitals, Malviya Nagar

8 हॉस्पिटल्स | 30+ वर्षों का विश्वास | 250+ अनुभवी डॉक्टर्स | 1 करोड़+जीवन स्पर्श किए